आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

श्री विजय पाल राव, न्यायिक सदस्य तथा
श्री बी.एम.बियाणी, लेखा सदस्य के समक्ष

आ.अ.सं. 300/इंदौर/2015
निर्धारण वर्ष : 2010-11

श्री पवन अग्रवाल, 188, पुल बोगदा जिंसी, जहाँगीराबाद, भोपाल	बनाम	सहायक आयकर आयुक्त 3(1), भोपाल
अपीलार्थी		प्रत्यर्थी
स्था.ले.सं- एडीएलपीए 3300 के PAN- ADLPA3300K		

अपीलार्थी की ओर से	श्री सुमित नेमा, सिनियर एडवोकेट तथा श्री गगन तिवारी, एडवोकेट
राजस्व की ओर से	श्री आशीष पोरवाल, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि
सुनवाई तिथि	30.11.2023
उद्घोषणा तिथि	30.11.2023

आदेश

श्री बी.एम.बियाणी, लेखा सदस्य द्वारा

निर्धारण वर्ष 2010-11 से संबंधित निर्धारिती की उपरोक्त शीर्षक की अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील)-2, भोपाल के आदेश दिनांक 16.02.2015 के विरूद्ध निदेशित है, जो कि सहायक आयकर आयुक्त-3(1), इंदौर द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143(3) के अधीन विरचित आदेश दिनांक 30.12.2011 से उद्भूत है ।

2. सुनवाई के दौरान, निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि निर्धारिती ने "**विवाद से विश्वास योजना, 2020**" के अधीन आवेदन किया है । राजस्व विभाग द्वारा निर्धारिती का आवेदन स्वीकार किया गया है तथा प्रधान आयकर आयुक्त द्वारा फार्म सं. 5 भी जारी किया गया है । निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता द्वारा फार्म सं. 5 की प्रतियां दाखिल की

गई हैं । अतः निर्धारिती वर्तमान अपील का अनुसरण करने का इच्छुक नही है । निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने उपरोक्त कारण से वर्तमान अपील को वापिस लेने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया । विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने इस अनुरोध का विरोध नहीं किया है। अतः हम इस अपील को वापिस लिए जाने की अनुमति प्रदान करते है तथा इसे वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते हैं ।

3. यद्यपि, निर्धारिती विधि के अनुसार, विनिहित अवधि के अंदर आदेश को वापिस बुलाने (recall) हेतु विविध आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होगा यदि उसका इस योजना में भाग लेने हेतु किया गया आवेदन राजस्व द्वारा किसी कारण से अस्वीकृत किया जाता है ।

4. परिणामतः, निर्धारिती की अपील वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती है ।

यह आदेश 30.11.2023 को सुनवाई के पश्चात उद्घोषित किया गया ।

हस्ता/-	हस्ता/-
(विजय पाल राव)	(बी.एम. बियाणी)
न्यायिक सदस्य	लेखा सदस्य

दिनांक : 30.11.2023

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फाईल